हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 6 जनवरी 2025

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

11 कबीर सेवा ने निकाली सद्गुरु स्वामी के स्वागत में रैली

12 छग कबड्डी प्रीमियर लीग चयन स्पर्धा में कसडोल ...




## खबर संक्षेप

### पैंजनी में सात दिवसीय सतनाम सतग्रंथ समारोह होगा आज से

बलौदाबाजार। तहसील मुख्यालय से 24 किलोमीटर दूर ग्राम पैंजनी में संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की सात दिवसीय सतनाम सत ग्रंथ समारोह का आयोजन ग्रामवासियों द्वारा आज से किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन बाबाजी के बाल लीलाओं से लेकर उनके चमत्कारों को व सत्य संदेशों को मानव समाज को बताया। वही 7 जनवरी को मोहगांव (पलारी) के संत देवेंद्र मल्होत्रा अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम 6 जनवरी को ज्योति प्रज्वलित एवं गुरु गद्दी पूजा के साथ प्रारंभ होकर 12 जनवरी गंगा अमृत स्नान के साथ समापन होगा।

### सहायक शिक्षक के घर से नगदी समेत सोने-चांदी के आभूषण चोरी



**महासमुंद।** कमरों को बंद कर चौकबेड़ा निवासी सहायक शिक्षक के घर से अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के आभूषण और नगद रकम चोरी कर लिए। घटना की रिपोर्ट तेंदूकोना थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस के अनुसार चौकबेड़ा निवासी व खाड़ादरहा में सहायक शिक्षक गुलाबशंकर दीवान पिता सुकदेव दीवान के घर 3 जनवरी की रात करीब एक बजे तोड़ फोड़ की आवाज आई। जिस पर शिक्षक की उर्मिलाबाई दीवान ने छोटे भाई टिकेश चंद्र दीवान को आवाज देकर उठाया, लेकिन वह नहीं उठा। तब प्रार्थी को रात्रि 01.24 बजे मोबाईल कॉल कर बोली कि घर में तोड़फोड़ की आवाज आ रही है। प्रार्थी जब ने बाहर निकलने के लिये दरवाजा खोला, लेकिन वह बाहर से बंद था। तब उसने अपने मां को बताया कि मेरे कमरे का दरवाजा बाहर से बंद है और टिकेश का भी दरवाजा बाहर से बंद था। इसके बाद टिकेशचंद्र ने पड़ोस के मोनू दीवान को फोन कर कहा कि मेरे घर में कोई चोर घुसा है, बाहर से सभी का दरवाजा बंद कर दिया है।

# बच्चे सड़क पर हमेशा बायीं साइड पर चलें, जेब्रा क्रासिंग से रोड पार करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भवानीपुर

**सड़क सुरक्षा माह अभियान कार्यक्रम के तहत जागरुकता कार्यक्रम**



पुलिस थाना गिधपुरी ने 35वें सड़क सुरक्षा माह अभियान कार्यक्रम में हाईस्कूल भवानीपुर में यातायात नियमों के संबंध में बच्चों, शिक्षकों को जानकारी देकर जागरूक किया। स्कूल के बच्चों को सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का पालन कितना आवश्यक है, जिसे थाना प्रभारी प्रवीण मिंज ने विस्तारपूर्वक समझाया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस बल द्वारा यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि मार्ग में चलते समय हमेशा बायीं साइड का प्रयोग करें। चलने के लिए फुटपाथ का प्रयोग या रोड किनारे चले, सड़क पार करने के लिए चौक–चौराहा या मार्ग के गेप में बने जेब्रा क्रासिंग का ही उपयोग करें। रोड क्रास करते समय यह भली–भांति देख लें कि दायें–बायें से कोई वाहन, जानवर तो नहीं आ रहा है। सड़क पार करने के दौरान हाथ का इशारा देकर पूर्ण सुरक्षित होकर ही रोड क्रास करें। मार्ग में चलने के दौरान सड़क पर न दौड़ें। वाहन से बाहर हाथ न निकाले, चलते वाहन में सुरक्षित बैठे, वाहन रुकने के बाद ही चढ़े व उतरे, हमेशा ही किनारे पर उतरे। स्कूल बस का इंतजार हमेशा लाइन में रहकर करें, उतरने वाले यात्री को प्राथमिकता दें।

- हाईस्कूल भवानीपुर में बच्चों को यातायात नियमों की दी गई जानकारी

#### नाबालिग छात्र- छात्राएं वाहन न चलाएं

यातायात नियमों के संबंध में छात्र–छात्रओं को बताया गया कि नाबालिग छात्र–छात्राएं वाहन न चलाए, चलाते पाए जाने पर वाहन स्वामी पर जुर्माना किया जाता है। दोपहिया वाहन चालन के दौरान चालक व सवार दोनों को हेलमेट धारण करना एवं चारपहिया वाहन चालन के दौरान चालक व सवार को सीटबेल्ट लगाना अनिवार्य है। यातायात नियमों का पालन करें व अपने परिवार, पड़ोसी एवं दोस्तों को भी पालन कराने अपील की गई। इस अवसर पर पुलिस थाना के स्टाफ एवं हाई स्कूल के शिक्षक गण छात्र–छात्राएं बड़ी सख्या में उपस्थित थे।

### निरीक्षण : धान खरीदी केंद्रों में पहुंचे कलेक्टर

# धान उठाव में तेजी लाएं व हमालों को निर्धारित पारिश्रमिक का करें भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

**अब तक जिले में128140 किसानों से 588728 मीट्रिक टन धान खरीदी**



नवीन कृषि उपज मंडी एवं लाहोद उपार्जन केंद्र का कलेक्टर दीपक सोनी ने रविवार को निरीक्षण किया। उन्होंने समर्थन मूल्य में धान खरीदी अंतर्गत अब तक की खरीदी, किसानों की संख्या, धान उठाव, प्रति क्विंटल वजन आदि की जानकारी प्रबंधकों से ली और मिलरो के द्वारा धान उठाव में तेजी लाने सहित हमालों को शासन द्वारा निर्धारित पारिश्रमिक भुगतान के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने नवीन कृषि उपज मंडी में वजन कर रखे गए धान को इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से तौल करवाकर जांच किया और निर्धारित मात्रा से अधिक धान नहीं लेने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां मौजूद हमालों से पारिश्रमिक भुगतान एवं अन्य समस्याओं के बारे में पूछताछ की। इसी तरह उपार्जन केंद्र लाहोद में कलेक्टर ने पंजियों में प्रविष्टियों का अवलोकन करने के साथ ही धान खरीदी, धान उठाव ,रकबा समर्पण एवं धान रखने के स्थान आदि की जानकारी ली। अब तक 588728 मीट्रिक टन धान खरीदी 15 नवम्बर 2024 से शुरू हुए समर्थन मूल्य में धान खरीदी अंतर्गत 4 जनवरी 3025 तक जिले में 128140 किसानों से 588728 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। जिसके एवज में किसानों को 1354 करोड़ रुपये का भुगतान जिला सहकारी बैंक के द्वारा किया गया है। वहीं उपार्जन केंद्रों से 13700 मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है।

#### 1 लाख 67 हजार 787 किसानों का है पंजीयन

गौरतलब है कि जिले में 1 लाख 67 हजार 787 किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया है। जिले की 129 समितियों के 166 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से उनका धान खरीदा जाएगा।

#### वजन हुए धान का फिर से कराया तौल

कलेक्टर ने नवीन कृषि उपज मंडी में मौजूद हमालों से चर्चा की। उनकी समस्याओं को जानकार निराकरण करने का निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिया। साथ मंडी में वजन कर रखे धान में से कुछ बोरों का मशीन से फिर तौल कराया। साथ मंडी के लोगों से किसानों को कोई परेशानी न हो इसका ध्यान रखने के निर्देश भी दिए।



# जिले में बढ़ी ठंड, शीतल हवाओं से ठिठुर रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लवन

मौसम में तापमान गिरने के साथ जिले में ठंड बढ़ गई है। सुबह और शाम के समय गलन भरी ठंड़ से लोग कंपकंपा रहे हैं। दिन में धूप निकलने से थोड़ी राहत जरूर मिल रही है लेकिन ठंडक का अहसास दिन भर बना रहता है। ठंड बढ़ने की वजह से हर वर्ग के लोग सुबह गर्म कपड़ों में दिख रहे हैं। शहर व गांवों के चौक–चौराहों पर लोग कचरा एकत्रित कर आग जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं गर्म कपड़ों का बाजार सज गया है। जरूरतमंद लोग खरीदी भी कर रहे हैं। मौसम साफ होने के बाद बीते कुछ दिनों से अब ठंड अधिक पड़ने लगी है।

- ठंड से बचने के लिए ले रहे आग का सहारा

#### बच्चों एवं वृद्धों पर अधिक प्रभाव

ठंड का नकारात्मक प्रभाव 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों, वृद्धजनो पर अधिक होता है। इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों, बेघर व्यक्तियों, दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित मरीजों एवं खुले में व्यवसाय करने वाले छोटे व्यापारियों पर भी शीत लहर का प्रभाव पड़ता है। ठंड एवं शीतलहर से नाक बहना, नाक बंद होना, फ्लू, नाक–कान से खून आना, हाथ की ऊंगलियों, कान-नाक अथवा पैर की ऊंगलियो में सफेदी या फीकापन, कपकपी आना, बोलने में कठिनाई, अधिक नींद अना, मांसपेसियो में अकड़न, सांस लेने में तकलीफ, कमजोरी, हाईपोथर मिया, अत्पताप जैसे लक्षण सामान्यत पाये जाते है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस तरह के लक्षण पाये जाने पर नागरिक तत्काल चिकित्सक की सलाह एवं नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार लेने एवं ऊनी कपड़ों को कई परतों में उपयोग करने की सलाह दी गई है।

# संवेदनहीनता की पराकाष्ठा को कांग्रेस ने कर लिया पारः भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बस्तर के युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या पर गहन शोक व्यक्त करते हुए कांग्रेस के आपराधिक चरित्र पर तीखा हमला बोला है।

श्री देव ने कहा कि बस्तर समेत पूरा प्रदेश युवा पत्रकार स्व. मुकेश चंद्राकर की कांग्रेस नेता द्वारा की गई बर्बर हत्या के बाद दुरूखी है जबकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज जश्न मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर के जिस बीजापुर में यह निर्मम हत्या की गयी, उसी बस्तर में जब दिवंगत मुकेशजी का अंतिम संस्कार भी नहीं हुआ था, तब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज आतिशबाजी करवा रहे थे, खुद को लड्डुओं से तुलवा रहे थे, फूलों की बारिश करवा रहे थे। ढोल–नगाड़े बजाए जा रहे थे। श्री देव ने इसे कांग्रेस का नितांत अमानवीय चरित्र बताते हुए कहा कि कांग्रेसी मानवता के नाते कुछ तो शर्म कर लेते। कांग्रेस के लोग ऐसे जश्न मना रहे थे, मानो दुनिया की सारी खुशी उन्हें आज ही मिल गई है।

श्री देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस जब सरकार में थी, तब भी लगातार अपराध के मामलों में कांग्रेसी नेताओं के नाम आते थे और अब सत्ता जाने के बाद कांग्रेस की बौखलाहट इतनी बढ़ गई है कि प्रदेश में हो रहे अमूमन हर बड़े अपराधों के पीछे अभी भी कांग्रेस कार्यकर्ता और उनके नेताओं का नाम लगातार सामने आ रहा है। प्रदेश में बढ़ते अपराधों में संलिप्त लोगों के खिलाफ भाजपा की प्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ लगातार कार्रवाई कर रही ▸▸ शेष पेज 11 पर

- पत्रकार हत्या मामले में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने बोला हमला

# निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी



नगर पंचायत रोहांसी में आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी के संबंध में नगर कांग्रेस कमेटी रोहांसी द्वारा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कसडोल विधायक संदीप साहू ने कहा कि नगर पंचायत रोहांसी का चुनाव पहली बार होगा जो इतिहास बनेगा सभी को एकजुटता से चुनाव लड़ना है। गांव गरीब मजदूर किसान सभी वर्ग को साथ रख कर सब के सहयोग से चुनाव लड़ना हैबूथ सेक्टर जोन के पदाधिकारियों को सभी वार्डों में प्रतिनिधी नियुक्त कर निष्पक्षता के साथ टिकिट वितरण में जो जिताऊ प्रत्याशी है उसे टिकिट मिलेगा। सभी कार्यकर्ताओं को एक होकर चुनाव ▸▸ शेष पेज 11 पर

- नगर पंचायत रोहांसी में कांग्रेसियों ने कई मुद्दों पर की चर्चा

# 36 पेड़ों की कटाई से ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुहेला



ग्राम भटभेरा में से हिरमी जाने वाले मार्ग के किनारे लगे वर्षो पूराने 36 वृक्षों को अचानक गुरुवार को काट दिये जाने के बारे में राजस्व एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा स्पष्ट जानकारी व कार्यवाही किये जाने के बारे में पूछने पर टलमटोल किया जा रहा है। बताया गया है कि काटे गए हरे भरे वृक्षों में 16 पेड़ अर्जुन के और 20 पेड़ बबूल के थे। हरे भरे वृक्षों को काटे जाने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

ग्राम भटभेरा के यशवंत ने बताया घटना की लिखित शिकायत देने गांव से 5 से 7 लोग तहसीलदार सुहेला श्री शामल के पास जाने पर कहा गया ▸▸ शेष पेज 11 पर

#### विभाग की समस्या नहीं

बिजली विभाग के डीई जीके अनंत ने बताया कि मैने इंक्वायरी किया था बिजली विभाग का वहां पर खंभा खड़ा हैं बहुत पुराना है, हमारे ठेकेदार लोगों को तो हम लोग मना करके रखते हैं की तार जाने लायक ट्रिमिंग करना है डंगालों का वो तो हम लोग नहीं काटे हैं बोल रहे हैं। गांव वालों की आपस की कोई समस्या होगी बिजली विभाग की समस्या नहीं है।

### पैसा नहीं दिया तो मारपीट

**महासमुंद।** ब्याज का पैसा नहीं देने पर एक व्यक्ति ने लाइनमैन से मारपीट कर दी। बसना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि छग राविक मर्या. उप संभाग बसना में लाइनमैन के पद पर कार्यरत मनीराम पिता टिकेश्वर भोई ने बसना निवासी आनंद अग्रवाल से करीब 1 साल पहले 20 हजार रुपए ब्याज में लिए हैं।

### गुरुनानक धर्मशाला के जीर्णोद्धार के लिए 15 लाख रुपए देने की घोषणा की

# सेंट्रल सिंधी पंचायत ने नए वर्ष में किया विधायक सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा



पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत ने नववर्ष पर विधायक इंद्र साव का स्वागत किया। विधायक ने कहा कि आपके सहयोग और आशीर्वाद से यहां तक पहुंचा हूं। समाज की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। समाज की मांग पर विधायक श्री साव ने 15 लाख रुपए देने की घोषणा की।

नगर के बजरंग वार्ड स्थित सबसे पुरानी धर्मशाला श्री गुरुनानक सिंधी धर्मशाला में पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत द्वारा विधायक इंद्र साव के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे विधायक का साल श्रीफल से सम्मान पंचायत द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि में आज जो कुछ भी हूं वो सब आपके सहयोग और आशीर्वाद का परिणाम है। आम जनता का सेवक हूं, कोई वीआईपी जनप्रतिनिधि नहीं। सभी की समस्या का निराकरण और विकास के लिए सोचना ▸▸ शेष पेज 11 पर

- समाज सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा : साव

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर रिटायर्ड कलेक्टर महेश मन्धान, श्रीचंद छाबड़यि,नंदलाल तनवानी,राजेश छाबड़यि,कैलाश बालानी, रोशन हबलानी,सुरेश गोदवानी,विनोद तलरेजा,विकास बालानी,गोलू थारानी,श्री मंगलानी,मनोहर सबलानी, सुरेश किंगरानी, मुकेश गंगवानी,तुषार सचदेव,महेश चंदानी,नेडू सहेता,गिरीश परप्यानी ,विक्की लालवानी,विशाल बजाज,नानू सोनी सहित काफी संख्या में सिंधी समाज के लोग उपस्थित थे।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटें
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➤ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➤ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➤ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

हरिभूमि
पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### बीएड सहायक शिक्षकों का तीन दिवसीय अनशन शुरू

**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित तूता धरनास्थल पर अपनी मांगों को लेकर बीते 17 दिनों से बीएड सहायक शिक्षकों द्वारा आंदोलन किया जा रहा है। इस आंदोलन में लगभग 2900 शिक्षकों ने अपनी सेवा सुरक्षा और समायोजन की मांग को लेकर शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन किया। इसके बाद भी उनकी समस्याओं को हल करने के लिए सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नही उठाया गया। इसके बाद शिक्षक अपने जीवन और भविष्य को बचाने के लिए 4 जनवरी से तीन दिवसीय अनशन करने जा रहे हैं। धरनास्थल पर ठंड के बीच भी शिक्षक डटे हुए हैं।

### जोगी ने दिवंगत पत्रकार चंद्राकर को दी श्रद्धांजलि



रायपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने बीजापुर के युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर के हत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री जोगी ने कहा, बस्तर के निर्भीक पत्रकार मुकेश चंद्राकर द्वारा जनता की आवाज उठाने और भ्रष्टाचार पर रिपोर्टिंग करने के कारण हत्या कर दी गई, जो वास्तव में स्तब्ध करने वाली घटना है। प्रदेश सरकार से निवेदन है, इस मामले में सभी दोषी आरोपियों को जघन्य कुकृत्य के कारण कठोरतम सजा दिलाए। पीड़ित परिवार को सम्मानजनक सहायता राशि एवं परिवार के कम से कम एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाए। परमात्मा से प्रार्थना है परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करें।

### स्थानीय निकाय चुनाव में देर आम जनता का नुकसान

**रायपुर।** त्रिस्तरीय स्थानीय निकाय चुनाव में लेट लतीफी और प्रशासकों की नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, भारत के गांव, गरीब, ग्रामीणों और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के उद्देश्य से स्थानीय निकाय चुनाव का प्रावधान संविधान में किया गया था। चुनाव में देर की जा रही है, जिससे सीधे सीधे आम जनता का नुक़सान होगा। चुनाव में देर की वजह से नगर निगमों में प्रशासकों की नियुक्ति की जा रही है। जनता को प्रशासक नहीं, बल्कि स्थानीय सरकार और स्वशासन चाहिए। उन्हें गली मोहल्ले में साफ सफाई, शुद्ध पेयजल, जन्म और अंतिम व्यक्ति तक विकास चाहिए। ऐसी चुनी सरकार और जनप्रतिनिधि चाहिए, जो कंधे-कंधे से मिलाकर उनकी समस्यायों का हल करें। अतः सरकार को समय पर चुनाव कराने की ओर ध्यान देना चाहिए। पंचायतों का कार्यकाल आने वाले माह में समाप्त हो रहा है। वहां पर चुनाव प्रक्रिया में देर होने की संभावना से प्रशासन बिठाने की तैयारी है, जिससे आम लोगों को नुकसान होगा।

### बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की बहाली करे सरकार : महंत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बीएड प्रशिक्षित नवनियुक्त सहायक शिक्षकों की सेवाओं के निरंतरता के संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार ने शिक्षा विभाग में कार्यरत बीएड प्रशिक्षित नवनियुक्त सहायक शिक्षक जिनकी संख्या 2897 है। उन्हे विगत दिनों सरकार ने नौकरी से निकाल दिया है। बीएड प्रशिक्षित नवनियुक्त सहायक शिक्षकों की समस्या इनके आश्रितों से जुड़ी आजीविका से संबंधित है। अभी भी सरकार के पास मौक़ा है कि रिक्त पद के विरुद्ध इन्हें नौकरी दी जा सकती है। नेता प्रतिपक्ष बताया कि बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने मेरे समक्ष उपस्थित होकर आवेदन पत्र दिया है।

### सिलघट में मड़ई मेला 9 को

**कोर्रा(भखारा)।** इस वर्ष भी ग्राम सिलहट में ग्रामवासियों के सहयोग से 9 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में करमतरा जालबांध का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के सिन्हा, भुवनेश्वर सिन्हा, ओमप्रकाश साहू ने दी है।

# क्लोन वनभैंसा की डीएनए जांच के लिए एक साल बाद भी शुल्क जमा नहीं, कैसे मिलेगी रिपोर्ट

- दीपआशा के घोषित तौर पर मुर्रा वनभैंसा की पुष्टि होने से बचने विभाग डीएनए जांच के लिए शुल्क जमा नहीं कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के राजकीय पशु वनभैंसा की संख्या बढ़ाने क्लोन से पैदा की गई दीपआशा से वन विभाग को बड़ी आस थी, लेकिन वही दीपआशा वनविभाग के लिए गले की हड्डी बन गई है। वन विभाग के अफसर डीएनए जांच के लिए शुल्क महज 15 हजार रुपए एक साल बाद भी जमा नहीं कर पाए हैं। दूसरी तरफ असम से लाए गए वनभैंसों के लिए वन विभाग के अफसर भरपूर राशि खर्च कर रहे हैं। राज्य में राजकीय पशु की संख्या बढ़ाने वन विभाग के अफसरों ने वर्ष 2014 में उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व की आशा नामक वनभैंसा के सोमेटिक सेल कल्चर से कुनबा बढ़ाने की कोशिश की थी। इसके लिए सोमेटिक सेल कल्चर को दिल्ली के बूचड़खाने की देसी भैंस के अंडाशय से क्लोन किया गया। इस तकनीकी से 12 दिसंबर 2014 को नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टिट्यूट करनाल में दीपआशा का जन्म हुआ। इसके लिए एक करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई। क्लोन से तैयार वनभैंसा को जंगल सफारी में रखने ढाई करोड़ रुपए लागत से बाड़ा बनाया गया।

## असम से लाए वनभैंसा की डीएनए रिपोर्ट 10 दिन में हासिल

### इस वजह से नहीं मिली रिपोर्ट

दीपआशा की अब तक डीएनए रिपोर्ट नहीं मिलने की वजह डीएनए टेस्ट करने 15 हजार रुपए का शुल्क जमा नहीं करना बताया जा रहा है। शुल्क जमा नहीं होने की वजह से दीपआशा की अब तक डीएनए जांच नहीं की गई। उल्लेखनीय है कि जंगल सफारी में दीपआशा के लिए ढाई करोड़ रुपए का बाड़ा तैयार कर रखा गया है। उस बाड़े के पास जाकर आम आदमी को दीपआशा को देखने की अनुमति नहीं है। सीजेडए के नियमों के मुताबिक जू में पालतू मवेशी रखने की अनुमति नहीं है। वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने प्रश्न किया कि दीपआशा दिखने में ही मुर्रा भैंस है, तो उसे बंधक बनाकर क्यों रखा गया है, उसे छोड़ क्यों नहीं दिया जाता, दीप आशा कोई वन भैंसा नहीं है, बल्कि एक आम घरेलू मवेशी है।



### डीएनए जांच की मांग सात साल से जारी

क्लोन से पैदा दीपआशा की डीएनए जांच कराने की मांग सात साल से की जा रही है। 11 दिसंबर 2018 को पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ की अध्यक्षता में बैठक में निर्णय लिया गया कि दीपआशा का डीएनए टेस्ट सीसीएमबी हैदराबाद और व्हाइट लाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया देहरादून से कराया जाए। निर्णय के ढाई साल बाद सीसीएमबी हैदराबाद सैंपल भेजा गया। सैंपल भेजे जाने के बाद भी रिपोर्ट नहीं आने पर जनवरी 2023 में स्मरण पत्र भेजा गया। इसके बाद भी रिपोर्ट नहीं आने पर वन्यजीव प्रेमियों के दबाव में पिछले वर्ष नवंबर में पुनः स्मरण पत्र भेजा गया।

## ट्रायल के बाद अब अतिथि तय नहीं होने से रुका ट्रेन का परिचालन

# ट्रायल के बाद अभनपुर लोकल ट्रेन को अब 'तिथि और अतिथि' का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर से अभनपुर के बीच लोकल ट्रेन में सफर करने लोगों को अब 15 दिनों का और इंतजार करना पड़ सकता है। ट्रायल ट्रेन चलाने के बाद उम्मीद थी कि रेलवे जल्द ट्रेनों का परिचालन शुरू कर देगा, लेकिन अब रेलवे प्रशासन को तिथि और अतिथि दोनों का इंतजार है। अभी तक तय नहीं हो पाया है कि ट्रेन परिचालन का उद्घाटन समारोह कब होगा। पहले चर्चा थी कि गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में ट्रेन शुरू होगी। सूत्रों के मुताबिक निगम चुनाव से पहले ट्रेन की सुविधा लोगों को मिल जाएगी। मंडल के रेल असफर का कहना है कि सफल ट्रायल के बाद अब ट्रेन रायपुर से अभनपुर के लिए दौड़ने को तैयार है। सीबीडी स्टेशन की सभी खामियों को भी दूर किया जा चुका है। रंगरोगन व अधूरे कार्यों को भी पूर्ण हो चुके हैं। अब केवल अतिथि का इंतजार है। तिथि व अतिथि तय होने के बाद लोगों को यह सुविधा मिलने लगेगी, जिसका इंजतार 8 सालों से है।

- रंगरोगन और अधूरे कार्यों को रेलवे ने किया पूरा



### स्टेशनों में भव्य स्वागत की तैयारी

8 साल के लंबे इंतजार के बाद रायपुर से अभनपुर के बीच फिर ट्रेन चलेगी। इन ट्रेनों का स्टेशनों में भव्य स्वागत किया जाएगा। रेलवे इसकी तैयारी कर रहा है। यात्रियों को भी ट्रेन में सफर करने का इंतजार है। बता दें कि अटल नगर, उद्योग नगर और मुक्तांगन स्टेशन का काम अभी अधूरा है। इन तीनों स्टेशनों का निर्माण पूरा होने के बाद ही इस रूट पर ट्रेन रुकने लगेगी। समय सारणी में इन स्टेशनों का समय निर्धारित हो गया है। फिलहाल यहां ट्रेन नहीं रुकेगी।

### आठ बोगी की चलेगी दो मेमू ट्रेन

*समय सारणी के अनुसार ट्रेन रायपुर से सुबह 9:00 बजे रवाना होकर 9:37 मिनट पर अभनपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन में आठ बोगी होगी। ट्रेन रायपुर से छूटकर मंदिर हसौद, उद्योग नगर, सीबीडी स्टेशन नया रायपुर, केंद्री स्टेशन में ठहरने के बाद अभनपुर पहुंचेगी। इसके अलावा अभनपुर से रायपुर के लिए दिन की पहली ट्रेन सुबह 10:20 बजे मिलेगी, जो रायपुर 11: 45 को पहुंच जाएगी। इसके बाद रायपुर से अभनपुर के लिए दूसरी ट्रेन 16:20 को रहेगी। वहीं अभनपुर से अंतिम ट्रेन रायपुर के लिए 18:10 को मिलेगी। बीच के स्टेशनों में 3 से 2 मिनट का ही स्टॉपेज रेलवे ने दिया है।*

### 10 रुपए में यात्री पहुंच जाएंगे अभनपुर

*रेलवे ने दो मेमू ट्रेन की समय सारणी भी जारी कर दी है, जिसके मुताबिक रायपुर से अभनपुर का सफर ट्रेन में एक घंटा 10 मिनट का होगा। वहीं सीबीडी स्टेशन यानी नया रायपुर पहुंचने में केवल 37 मिनट लगेगा। शहर से सिटी बस के जरिए नया रायपुर पहुंचने में 40 मिनट से अधिक का समय लग जाता है। ट्रेन से यात्रियों का समय और पैसा दोनों बचेगा। किराया 10 रुपए है। बता दें कि राज्योत्सव में ट्रेन का परिचालन शुरू करने की तैयारी थी, लेकिन जब रेलवे की टीम सीबीडी स्टेशन जांच करने पहुंची, तो उन्हें कुछ कमियां नजर आई थीं, जिसे ठीक कर दिया गया है। यात्री सुविधा से जुड़ी तकनीकी दिक्कतें दूर हो चुकी हैं।*

# रिटायर शिक्षक मेडिकल बिल की राशि पाने एक साल से लगा रहा शिक्षा विभाग के चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिक्षा विभाग से रिटायर हुए अमलेश्वर दुर्ग निवासी तरुण कुमार बघेल पिछले एक साल से मेडिकल बिल की राशि पाने के लिए शिक्षा विभाग के चक्कर लगा रहे हैं। तरुण बघेल ने आरोप लगाया है कि धरसींवा विकासखंड के तत्कालीन शिक्षा अधिकारी संजयपुरी गोस्वामी ने उनकी फाइल को बिना कारण के रोक दिया था, जिसके कारण उन्हें मेडिकल क्लेम की राशि भी मिल नहीं पा रही है।

**मुख्यमंत्री जनदर्शन में की शिकायतः** तरुण बघेल ने बताया कि वह शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला संलग्न शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरदहा से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि उसकी पत्नी और एक बेटे की बीमारी के कारण इलाज के दौरान मृत्यु हो चुकी है। वह भी बीमार था। उन्होंने अपना भी अस्पताल में इलाज कराया है। तीनों का अलग-अलग निजी अस्पताल में इलाज हुआ है, जिसका बिल लगाकर उन्होंने इलाज में खर्च हुई राशि पाने के लिए धरसींवा विकासखंड अधिकारी के समक्ष सारे दस्तावेजों के साथ मेडिकल बिल लगाया है। यह बिल करीब 5 लाख रुपए का है। इस बिल को पास कराने के लिए धरसींवा शिक्षा अधिकारी को संयुक्त संचालक स्वास्थ्य शिक्षा विभाग को भेजा जाना था, लेकिन अब तक रिमेम्बर्स बिल को भेजा नहीं गया है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा लगाए गए बिलों में कौन-कौन से बिल को स्वीकृति मिली है और कौन से बिल किस कारण से पास नहीं हुए हैं, इसकी जानकारी के लिए सूचना के अधिकार के तहत आवेदन भी लगाया है, जिसका जवाब समय-सीमा अवधि समाप्त होने पर भी नहीं दिया गया है।

### वन अधिकार अधिनियम पर कार्यशाला कल

**रायपुर।** आदिम जाति विकास विभाग द्वारा 'धरती आबा-जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत वन अधिकार अधिनियम 2006 के बेहतर क्रियान्वयन विषय पर संबंधित विभागों एवं अशासकीय संस्थानों के मध्य परिचर्चा-परामर्श के लिए एफईएस एवं एटीआरईई संस्था के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला न्यू सर्किट हाऊस, सिविल लाइंस रायपुर में होगी। आदिम जाति, अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव ने पत्र जारी कर सभी जिलों के सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग जिला परियोजना समन्वयक के साथ कार्यशाला में उपस्थित रहने कहा है।

# हाउसिंग बोर्ड के 327 करोड़ 77 लाख कीमत के 1867 मकान अब तक बिक नहीं पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के 1867 मकानों की बिक्री अब तक हो नहीं पाई है। इन मकानों के निर्माण में 327 करोड़ 77 लाख से अधिक राशि खर्च की गई है। इन बचे मकानों में सात सौ से ज्यादा मकान अब जर्जर होने लगे हैं, जिसके कारण इन मकानों को बेचने से पहले इनकी मरम्मत किया जाना आवश्यक हैं। इन मकानों के मरम्मत में फिर लाखों-करोड़ों रुपए की राशि भी खर्च होगी। इसके बाद ही ये जर्जर मकान पुनः बिक्री के लिए तैयार हो पाएंगे।

- इनमें 7 सौ से ज्यादा जर्जर हालत में

### 8 से 10 वर्ष पहले जिले में 15298 मकानों का किया गया था निर्माण

*छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के प्रोजेक्ट के तहत रायपुर जिले में 8 से 10 वर्ष पूर्व 15298 मकानों के निर्माण किए गए थे। इन मकानों के निर्माण में अरबों रुपए की राशि खर्च की थी। बोर्ड इनमें से 13431 मकानों की बिक्री कर चुका हैं, लेकिन 1868 मकान अब तक रिक्त पड़े हुए हैं, जिनमें ईडब्ल्यूएस के 460, एलआईजी के 299 तथा एमआईजी के 640 और एचआईजी के 472 मकान है। ये सभी मकान लंबे समय से खाली पड़े-पड़े जर्जर होने लगे हैं।*

### ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्र में बनाए गए हैं मकान

सूत्रों के अनुसार जिले में अब तक बिक नहीं पाए मकान ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्र के हैं। ज्यादातर मकान ग्रामीण क्षेत्र के है। सूत्रों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में मकानों की आवश्यकता का आंकलन किए बिना ही मकानों का निर्माण कराया गया है, जिसके कारण इन मकानों की अब तक बिक्री नहीं हो पाई हैं। कई मकान तो क्षेत्र, स्थान एवं गुणवत्ता के साथ उसकी तय कीमत के कारण भी बिक नहीं पाए हैं। इस कारण हाउसिंग बोर्ड की बड़ी राशि भी इन बचे मकानों में फंसी हुई है।

# 2025 में मिल नहीं पाई सौगात, अब 2026 का इंतजार कलेक्टोरेट एवं तहसील की नई बिल्डिंग का अटका काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी वासियों के साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कलेक्टोरेट की पांच मंजिल नई कम्पोजिट बिल्डिंग और चार मंजिल की नई तहसील बिल्डिंग का अब एक वर्ष और इंतजार करना होगा। ये दोनों बिल्डिंग की सौगात नववर्ष 2025 के प्रारंभिक महीने में मिल जाना था, लेकिन प्रशासन के प्रयास में कमी के कारण इन दोनों बिल्डिंग का अब तक निर्माण कार्य तक शुरू नहीं हो पाया है। इन दोनों बिल्डिंग के निर्माण कार्य में एसपी भवन और पुरानी तहसील बिल्डिंग की शिफ्टिंग का काम रोड़ा बना हुआ है। जब तक एसपी भवन और तहसील बिल्डिंग खाली नहीं कराई जाएगी, जब तक नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू नहीं होगा। नववर्ष में अगर शिफ्टिंग के साथ निर्माण कार्य शुरू होता भी है, तो नई बिल्डिंग का कार्य पूर्ण में एक वर्ष से अधिक समय लग जाएगा, जिससे नई बिल्डिंग की सौगात वर्ष 2026 में ही मिल पाएगी।




### 29 करोड़ 15 लाख की लागत से बनना है सर्वसुविधायुक्त कम्पोजिट बिल्डिंग

पांच मंजिल कंपोजिट बिल्डिंग 29 करोड़ 15 लाख 24 हजार रुपए की लागत से बनेगी। यह बिल्डिंग 2555 वर्गमीटर एरिया में बनाई जाएगी। इसमें जिला प्रशासन की 582.00 वर्गमीटर और पुलिस प्रशासन की बिल्डिंग 800 वर्गमीटर एरिया में बनेगी। इस तरह 134 वर्गमीटर एरिया में अफसरों के दफ्तर बनाए जाएंगे।

### भवन मिलने के बाद भी तहसील की शिफ्टिंग नहीं

*तहसील कार्यालय के पुराने भवन को तोड़कर यहां पीडब्ल्यूडी 4 मंजिल नई बिल्डिंग का निर्माण करेगी। 11 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली बिल्डिंग का निर्माण कार्य भी तहसील के शिफ्टिंग के लिए रुका हुआ है। हालांकि तहसील को पुराने मंत्रालय स्थित पुराना नर्सेस हॉस्टल के खाली पड़े भवन में शिफ्टिंग को मंजूरी मिल चुकी है, जिसके लिए नर्सेस हॉस्टल भवन में काम भी शुरू कर दिया गया है, लेकिन पिछले कुछ हफ्ते से इस काम पर भी ब्रेक लगा हुआ है, जिसके कारण तहसील कार्यालय की शिफ्टिंग के साथ नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य भी अटका हुआ है। विदित हो कि कलेक्टोरेट की तीन मंजिल पुरानी बिल्डिंग और तहसील कार्यालय भवन दोनों जर्जर हो चुके हैं, जिसके कारण इन भवनों की दीवारों व छज्जों के प्लास्टर तक टूटकर गिरने लगे हैं। दोनों भवनों को तोड़कर उनकी जगह नई बिल्डिंग बननी है, इसे देखकर इन पुरानी बिल्डिंग व भवन का मेंटनेंस भी नहीं किया जा रहा है। यही नहीं, इन भवनों में आम लोगों के अलावा अधिकारी-कर्मचारियों को भी कई तरह की असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। जर्जर होने के कारण इन भवनों में कभी भी हादसा होने की भी संभावना बनी हुई है, जिससे जनहानि भी हो सकती है।*

### पीडब्ल्यूडी को एसएसपी भवन के खाली होने का इंतजार

*कलेक्टोरेट-एसएसएपी की कम्पोजिट बिल्डिंग के निर्माण कार्य को स्वीकृति अप्रैल 2023 में दी गई थी। इस बिल्डिंग की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी विभाग को दी गई है। विभाग ने स्वीकृति मिलने के दो महीने के भीतर ही बिल्डिंग के निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया से लेकर डिजाइन सबकुछ तैयार कर लिया है, पर एसपी भवन की शिफ्टिंग इस काम में बाधा बनी हुई है, क्योंकि नई कम्पोजिट बिल्डिंग का निर्माण एसपी भवन की जगह किया जाना है। ऐसे में एसपी भवन को शिफ्ट करने के लिए प्रशासन को अब तक कोई दूसरा भवन मिल नहीं पाया है। प्रशासन ने एसपी भवन को शिफ्ट करने के लिए पूर्व में दो जगह को चिन्हांकित किया था, जिसमें एक सॉगोन बंगला और दूसरा सेंट्रल जेल रायपुर से लगा पुराना पुलिस ऑफिस भवन था। पुराना पुलिस ऑफिस भवन को किसी कारण से रिजेक्ट कर दिया गया था, वहीं सॉगोन बंगला को अन्य किसी कार्य के लिए शासन द्वारा आबंटित कर दिया गया है। इन दोनों के अलावा एसपी भवन को शिफ्ट करने के लिए कोई तीसरा भवन मिल नहीं पाया है।*

## सीएम साय से फिल्मकार प्रकाश झा ने की मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शनिवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सुप्रसिद्ध फिल्म निर्माता, निर्देशक, कलाकार एवं पटकथा लेखक प्रकाश झा ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री झा के छत्तीसगढ़ आगमन पर उन्हें शॉल और स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत, अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में हिंदी फिल्मों के निर्माण और फिल्म उद्योग के विकास की संभावनाओं के संबंध में चर्चा की। प्रकाश झा ने कहा कि छत्तीसगढ़ पसंदीदा फिल्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रकाश जी उन दिग्गज फिल्मकारों में से एक हैं, जो अपनी फिल्मों के माध्यम से सामाजिक मुद्दों को पर्दे पर बखूबी उतारते हैं।

## बार-बार कहा गया, मुस्लिम महापौर बन गया, क्या यह गुनाह था?

# हमें तो अपनों ने लूटा, गैरों में कहां दम था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहरी सरकार के 5 साल का कार्यकाल पूरा होने पर महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि मेरे खाते में उपलब्धियां ज्यादा हैं। स्वच्छता रैंकिंग में रायपुर शहर देश के स्वच्छ शहरों में काफी ऊपर 6वें रैंकिंग पर आया। पीलिया, मलेरिया जैसी बीमारियों पर नियंत्रण रहा। शहर में पहली बार आवारा कुत्तों की आक्रामकता कम करने और बीमार कुत्तों के उपचार के लिए सोनडोंगरी में 50 लाख की लागत से डॉग शेल्टर का निर्माण किया गया। दिल्ली के बाद इस तरह का डॉग शेल्टर निर्माण करने वाला रायपुर दूसरा शहर है। उन्होंने कहा बार-बार कहा गया, मुस्लिम महापौर बन गया, क्या गुनाह था?

महापौर एजाज ढेबर ने रविवार को अपने कार्यकाल के 5 साल पूरा होने के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत की। चर्चा के दौरान उन्होंने एक मशहूर शेर का जिक्र करते हुए कहा हमें तो अपनों ने लूटा, गैरों में कहां दम था, कश्ती वहां जाकर डूबी, जहां पानी कम था। शेर की दूसरी लाइन मुझ पर फिट नहीं बैठती। मेरी कश्ती नहीं डूबी। आज में उपलब्धियां गिना रहा हूं। एजाज ढेबर ने कहा हिंदी की चर्चित फिल्म सिंघम में सिने स्टार अजय देवगन का डायलाग दोहराना चाहूंगा जब अपने गांव जाऊंगा तो छाती ठोककर बोलूंगा कि मैं मर्दो वाला काम करके आया हूं।

**महापौर ढेबर ने फिल्म का डायलाग दोहराया**




पत्रकार वार्ता में एजाज ढेबर ने कहा, बूढ़ातालाब विवेकानंद सरोवर के सौंदर्यीकरण के लिए प्रथम चरण में 5 करोड़ की लागत से कार्य कराया गया। शहर में यातायात सुविधा को उन्नत बनाने कबरी 1 करोड़ 38 लागत की लागत से शहर के आसपास 160 सिटी बसों का संचालन किया जा रहा है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नगर निगम द्वारा ग्राम सकरी स्थित 70 एकड़ की भूमि का चयन कर कचरा डंपिंग यार्ड प्रारंभ किया गया। शहरभर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किया जा रहा है। रायपुर शहर में पार्किंग की व्यवस्था सुव्यवस्थित करने कलेक्टोरेट के पास 6 मंजिला हाईटेक मल्टीस्टोरी पार्किंग 25 करोड़ की लागत से बनवाई गई।

नगर निगम मुख्यालय का नामकरण महात्मा गांधी सदन के रूप में किया गया। साथ ही राष्ट्रपिता की प्रतिमा गांधी सदन में लगाई गई है। जहां प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से 11 बजे तक रघुपति राघव राजाराम की धुन प्रत्येक तल पर गूंजती है।

# नगरीय निकाय अधिकारी कर्मचारी अधिवेशन आज

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय अधिकारी-कर्मचारी अधिवेशन का आयोजन 6 जनवरी को दोपहर 1 बजे राजधानी के बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम सभागार में किया जा रहा है। अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रायपुर जिला प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। राजधानी में 6 जनवरी को छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय अधिकारी-कर्मचारी अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें रायपुर नगर निगम कर्मचारी कल्याण संघ की कार्यकारी समिति के पदाधिकारियों सहित प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों व कर्मचारियों को आमंत्रित किया गया है। अधिवेशन में आमंत्रित जन प्रतिनिधियों का सम्मान किया जायेगा।

- बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम में आयोजन

खबर संक्षेप

### पालक-शिक्षक बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता पर हुई चर्चा

**फिंगेश्वर।** प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में तृतीय पालक शिक्षक बैठक आयोजित हुई। जिसमें सभी ग्रामीणों शाला प्रबंधन समिति एवं पालक सदस्यों को आमंत्रित किया गया और शिक्षा विभाग से प्राप्त निर्देशों को बिंदुवार बैठक में सभी ग्रामीण जनों को अवगत कराया गया। बैठक में बताया गया कि बच्चों का अपार आईडी बनाना नितांत आवश्यक है जिसमें बच्चों की जानकारी को सुरक्षित रखा जा सके। इसके साथ ही बच्चों को अपने दस्तावेज के लिए किसी भी प्रकार से परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। आधार कार्ड सभी बच्चों का पूर्ण किया जा रहा है। शाला को प्राप्त अनुदान राशि को मदवार शिक्षक खोमन सिन्हा द्वारा पढ़कर सुनाया गया।बच्चों के शैक्षणिक स्तर को फोकस करते हुए कहा कि वर्तमान में अर्धवार्षिक परीक्षा संपन्न हो चुका है बच्चों को उनके स्तर अनुकूल अध्यापन कार्य कराया जा रहा है। बालक, पालक और शिक्षक के संबंध को मजबूत करने के उद्देश्य से आज हमारे विद्यालय में मेगा पी टी एम का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक सत्र का यह तृतीय मेगा पी टी एम था। जिसमें शाला में पढ़ने वाले समस्त बच्चों के पालकों को आमंत्रित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से विधायक प्रतिनिधि पाठशाला के शिक्षाविद् विजय कंडरा प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव, शिक्षक घनश्याम कंवर, दुर्गेश विश्वकर्मा, लीलाराम मतावले, निरूपा निषाद, शिक्षक खोमन सिन्हा उपस्थित थे।

### चंपारण्य में मड़ई 7 को रात में रोचक कार्यक्रम

**अभनपुर।** ग्राम चंपारण मे 7 जनवरी मंगलवार को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। एसकुमार साहू ने जानकारी देते बताया प्रतिवर्ष की तरह समस्त ग्रामवासियो के सहयोग से यह आयोजन हो रहा है वही रात्रि कार्यक्रम मे छत्तीसगढ़ी लोक कला चंपा बसन नाचा पार्टी भकुर्रा,छुरिया की प्रस्तुति होगी।

### परसापानी में मड़ई मेला कल, रात में होगा नाचा

**नगरी।** ग्राम पंचायत परसापानी में कल मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए खेली छुरा रंगधारा छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी का आयोजन होगा। तैयारी में नंदलाल साहू, गोपी मेश्राम, मानकलाल साहू, सरपंच गिरधारी मरकाम, गोविंद मरकाम, मोनू साहू, विरेंद्र साहू जुटे हैं। यह जानकारी ग्राम व्यवस्था समिति के अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद ने दी है।

### सिलघट में मड़ई मेला 9 को

**कोर्रा(भखारा)।** इस वर्ष भी ग्राम सिलहट में ग्रामवासियों के सहयोग से 9 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में करमतरा जालबांध का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष जिलाराम सिन्हा, भुवनेश्वर सिन्हा, ओमप्रकाश साहू ने दी है।

### कन्या महाविद्यालय में स्नेह सम्मेलन आज

**मगरलोड।** यशवंतराव मेघा वाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 6 जनवरी सोमवार को सुबह 11 बजे आयोजित किया गया है।

# गौरभाट रेत खदान की नीलामी मामले में एफआईआर के एक माह बाद भी गिरफ्तारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर जिले के आरंग में प्रदेश का पहला मामला सामने आया था, जिसमें गांव के सरपंच, पंच सहित अन्य ग्रामीणों ने मिलकर रेत खदान की गांव में एक सार्वजनिक बैठक बुलाकर नीलामी कर दी थी।

- इस मामले में सरपंच सहित 16 ग्रामीणों के विरुद्ध एफआईआर की गई

इस नीलामी का विडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद इसका खुलासा हुआ था। इसके बाद प्रशासन की ओर से इस मामले में सरपंच सहित 16 ग्रामीणों के विरुद्ध एफआईआर की गई। थाने में एफआईआर हुए एक महीने से भी ज्यादा समय हो चुका है, लेकिन अब तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

क्षेत्रीय थाना पुलिस का कहना है कि तहसीलदार द्वारा पेश किए गए विडियो के आधार पर एफआईआर कर मामले की जांच की जा रही है। इसके तहत विडियो बनाने वाले से लेकर नीलामी के दस्तावेज सहित अन्य सबूत तलाश किए जा रहे हैं। पुख्ता सबूत मिलते ही इस मामले में गिरफ्तारी भी की जाएगी।

## पुलिस का कहना- एवीडेंस ढूंढ रहे, मिलते ही करेंगे गिरफ्तार

### 1 करोड़ 4 लाख रुपए में की गई थी खदान की नीलामी

आरंग क्षेत्र के ग्राम गौरभाट में नवंबर में गांव के सरपंच, पंचों की मौजूदगी में एक सार्वजनिक बैठक कर रेत खदान की नीलामी कर दी गई। इस नीलामी में आसपास के कई गांव के रेत माफिया भी बोली लगाने के लिए पहुंचे थे। गांव में रहने वाले कुछ ग्रामीणों ने हरिभूमि से बातचीत में बताया था कि नीलामी के दौरान ग्राम छटेरा के किसी भोलू चंद्राकर ने रेत खदान के लिए सबसे ऊंची 1 करोड़ 4 लाख रुपए की बोली लगाई थी। गांव के लोगों ने इसके बाद खदान को उसे ठेके पर दिया था। इसके एवज में गांव की पंचायत ने ठेकेदार से एडवांस राशि के रूप में 50 हजार रुपए भी लिए थे, लेकिन गांव के किसी व्यक्ति ने इस नीलामी का विडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। इधर नीलामी का विडियो वायरल होते ही इसकी खबर जब खनिज विभाग एवं प्रशासन तक पहुंची, तो अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आरंग क्षेत्र की तहसीलदार सीता शुक्ला ने इस मामले की अपने स्तर पर जांच की, जिसकी रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी। तहसीलदार की रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन की ओर से थाने में पंचायत के पदाधिकारियों सहित 16 ग्रामीणों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।



### इनके विरुद्ध कराई गई है एफआईआर

इस मामले में गांव की सरपंच दुर्गा निषाद, ग्राम सचिव अरुण कुमार ध्रुव, सरपंच पति भागवत निषाद के अलावा बोलीदार अमित चंद्राकर, ग्राम सभा अध्यक्ष हरिशचंद्र चंद्राकर, नीलामी संचालक संतोष सेन, ग्राम सभा सचिव ओमकार साहू, ग्राम सभा कोषाध्यक्ष नारायण साहू, ग्राम सभा उपाध्यक्ष शारदा साहू, चिम्मन साहू, विष्णु धनगर, तोमनलाल यादव, घनश्याम साहू, जयलाल कोसले एवं लुकेश साहू के विरुद्ध धारा 3(05),318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## 7.21 क्विंटल शक्कर और 7.21 क्विंटल नमक का घोटाला

# चावल-शक्कर, नमक घोटाला मामले में सरकारी राशन दुकान संचालक सहित दो पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य विभाग ने खरोरा मांठ की सरकारी राशन दुकान के संचालक सहित दो के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। संचालक ने करीब साढ़े तीन साल पहले कार्ड धारकों को वितरण के लिए आबंटित किया गया। 466 क्विंटल चावल के साथ 7.21 क्विंटल शक्कर और 7.21 क्विंटल नमक का घोटाला करते हुए सरकारी रेट से ज्यादा कीमत पर बाजार में बेच दिया था। इसका खुलासा विभाग की जांच में हुआ था। इस मामले में विभाग ने दुकान संचालक को कारण बताओ नोटिस से लेकर गायब पाए गए खाद्यान्न के बदले खाद्यान्न जमा करने या फिर राशि जमा करने के लिए नोटिस भी जारी किया था। इन नोटिसों के बाद भी संचालक द्वारा खाद्यान्न या बदले में राशि अब तक जमा नहीं कराई गई है। विभाग ने अब इस मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दुकान संचालक और उसके भाई के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।



### मई 2021 में की गई थी दुकान की जांच

विभागीय अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार खाद्य विभाग की टीम ने 23 मई 2021 में खरोरा मांठ में संचालित आईडी 442004042 सरकारी राशन दुकान की जांच की थी। इस जांच के दौरान दुकान में खाद्यान्न के स्टॉक की एंट्री करने वाला रजिस्टर एवं सूचक बोर्ड भी नहीं मिला था। जांच में दुकान में 466 क्विंटल चावल, 7.21 क्विंटल शक्कर एवं 7.21 क्विंटल नमक आबंटित और कार्ड धारकों को वितरण किए गए खाद्यान्न की तुलना में कम पाया गया।

### अब नोटिस नहीं एफआईआर कराएंगे

उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न में गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध आरआरसी जारी किया गया है। अब जो भी दुकान संचालक गायब खाद्यान्न या उसके बदले राशि जमा नहीं कराएगा, उसके विरुद्ध थाने में एफआईआर कराई जाएगी।

– भूपेंद्र मिश्रा
खाद्य नियंत्रक रायपुर

### तीन माह में तीसरी एफआईआर

खाद्यान्न घोटाला के मामले में विभाग की यह तीसरी कार्रवाई है, जिसमें राशन दुकान संचालक के विरुद्ध एफआईआर कराई गई है। इससे पहले राजातालाब स्थित जय हिंद प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान जिसकी आईडी 441001080 में विभागीय टीम ने निरीक्षण किया था। इस दौरान दुकान को आबंटित किए गए चावल में 1728.76 क्विंटल, शक्कर में 8.38 क्विंटल तथा 13.26 क्विंटल नमक गायब पाया गया था। इस दुकान के संचालक राकेश मिश्रा के विरुद्ध भी एफआईआई कराई गई है। इसी प्रकार धरसींवा क्षेत्र में संचालित एक राशन दुकान संचालक के विरुद्ध भी एफआईआर कराई गई है।

### इन दुकान संचालकों पर भी गिरेगी गाज, होगी एफआईआर

राशन दुकानों में खाद्यान्न की गड़बड़ी करने के मामले में विभाग 5 और दुकान संचालकों पर एफआईआर कराने की तैयारी कर रही है। इसमें ग्राम पंचायत गुखेरा आरंग आईडी 442003058, ग्राम पंचायत छटेरा आरंग आईडी 442003054, ग्राम पंचायत बड़गांव आरंग आईडी 442003113, ग्राम पंचायत भलेरा आरंग आईडी 442003060 शामिल है। इन सभी दुकानों में भी जांच में भारी मात्रा में खाद्यान्न गायब मिला है। विभाग ने इन दुकानों के संचालकों को भी नोटिस जारी कर खाद्यान्न के बदले खाद्यान्न या राशि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन संचालकों द्वारा अब तक निर्देश का पालन नहीं किया गया है।

### 22 दुकानों से 4 हजार क्विंटल चावल की रिकवरी होना बाकी

जिले में वर्ष 2022 में 101 सरकारी राशन दुकानों में साढ़े 14 हजार क्विंटल से अधिक का चावल के अलावा शक्कर एवं नमक की गड़बड़ी की गई थी। जांच के बाद सभी दुकान संचालकों को नोटिस जारी कर उनसे रिकवरी करने की कार्रवाई की गई। रिकवरी के बाद अभी भी 22 दुकान संचालकों से करीब 4 हजार क्विंटल चावल की रिकवरी किया जाना शेष है। इन सभी दुकानों के विरुद्ध आरआरसी जारी किया गया है।

# लक्ष्य का 61 प्रतिशत धान खरीदी अभी 19 दिन और चलेगा अभियान

- अब तक 97 .60 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी
- लगभग सवा तीन लाख टन प्रतिदिन हो रही खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब तक 97.60 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। कुल खरीदे गए धान में से खरीदी केंद्रों से 39 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है। खरीदी केंद्रों में अब भी 62 लाख मीट्रिक टन धान डंप है। राज्य में कुल लक्ष्य का लगभग 61 प्रतिशत धान खरीदी कर ली गई है। अभी धान खरीदी का अभियान 19 दिन और चलेगा, जिसमें लक्ष्य पूरा होने का अनुमान है। धमतरी, मुंगेली, बलौदाबाजार, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, रायपुर महासमुंद, बेमेतरा और दुर्ग जिले से मिलरों के द्वारा तेजी से धान का उठाव किया जा रहा है।

प्रदेश के किसानों से 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला जारी है। प्रतिदिन किसानों से लगभग सवा तीन लाख मीट्रिक टन की खरीदी हो रही है। अब तक लगभग 97.60 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में 19.34 लाख किसानों को 21 हजार 040 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी 31 जनवरी तक चलेगी। राज्य सरकार ने इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा है।

प्रदेश के पंजीकृत कृषकों से धान विक्रय हेतु टोकन की सुविधा ऑनलाइन एप्प टोकन एवं उपार्जन केन्द्रों में 25 जनवरी तक के लिए उपलब्ध कराया गया है। किसान सुविधा अनुसार तिथि का चयन कर नियमानुसार धान बेच सकते है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 3 जनवरी को 66392 किसानों से 3.25 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है।

### मिलर्स कर रहे हैं उठाव

धान खरीदी के साथ-साथ मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी तेजी से हो रहा है। जिला डीएमओ द्वारा धान उठाव के लिए लगभग 65.80 लाख मीट्रिक टन धान के लिए डीओ और टीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध अब तक 39 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है।

# ट्रांसपोर्टर का आरोप- उड़नदस्ता टीम ने 60 किलो ज्यादा वजन पर 42 हजार का चालान काटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ओडिशा से मुंबई सरिया लोड कर ले जा रहे एक ट्रक को सरिया में महज 60 किलो ज्यादा वजन होने पर ट्रांसपोर्टर ने परिवहन विभाग के उड़नदस्ता टीम पर 42 हजार रुपए चालान काटे जाने का आरोप लगाया है। ट्रांसपोर्टर के आरोपों का परिवहन विभाग के अफसरों ने खंडन करते हुए कहा कि ड्राइवर अपने ट्रक का बगैर वजन कराए दौड़ाते हुए ले गया, इस वजह से ट्रक का भारी-भरकम जुर्माना किया गया है।

- अफसर बोले बगैर कांटा कराए ट्रक लेकर भागा ड्राइवर

ट्रांसपोर्टर मनीष सिंह ने परिवहन विभाग के उड़नदस्ता टीम के खिलाफ बेवजह चालान काटे जाने का आरोप लगाया है। ट्रांसपोर्टर के अनुसार शुक्रवार को धनेली नाका के पास ट्रक को रोका गया। परिवहन विभाग की उड़नदस्ता टीम ने ट्रक की धरमकांटा रसीद देखी। इसके बाद ट्रक में 60 किलो वजन ज्यादा होने पर उड़नदस्ता टीम ने 42 हजार रुपए का चालान काट दिया। इस संबंध में परिवहन अफसरों से संपर्क करने पर बताया कि ट्रांसपोर्टर के ट्रक को धनेली नाका के पास रोका गया था। धरमकांटा पर्ची देखी गई। इसके बाद ट्रक का नए सिरे से धरम कांटा कराने कहा गया।

इस पर ट्रक ड्राइवर ट्रक का धरमकांटा नहीं कराए जाने की बात

# कबीर सेवा ने निकाली सद्गुरु स्वामी के स्वागत में रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

सदविप्र समाज सेवा, सदगुरु कबीर सेना के संस्थापक एवं दिव्य गुप्ता विज्ञान के प्रणेता समय के सद्गुरु स्वामी कृष्णानंद महाराज का तिल्दा में स्वागत के लिए भव्य बाइक रैली निकाली गई।

कार्यक्रम की अगुवाई सतगुरु कबीर सेवा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप नायक कर रहे थे। सदविप्र एवं कबीर सैनिको ने जाति-पाति से नाता तोड़कर भाई से भाई का रिश्ता जोड़ने का संदेश दिया । उन्होंने कहा की सनातनी सब एक हो अपने धर्म को जानें। अध्यक्ष आचार्य हेमंत ने बताया कि सद्गुरु स्वामी कृष्णानंदजी महाराज 10 दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। उनका छत्तीसगढ़ आगमन का चौथा दिन है।



इससे पहले सदगुरुदेव का तीन दिवसीय सत्संग मुड़पार राजनांदगांव में सम्पन्न हुआ। जिसमें सैकड़ों लोगों ने सत्संग श्रवण किया और ब्रम्ह दीक्षा में भाग लिया। उन्होंने बताया कि 6 व 7 जनवरी को सदगुरु का गौरखेड़ा में दो–दिवसीय सत्संग होना है। 7 जनवरी को ब्रह्म दीक्षा होगा। उक्त कार्यक्रम में आचार्य ने समस्त जनमानस से सम्मिलित होने का आव्हान किया है।

### पत्रकार से दुर्व्यवहार मामले में वनमंत्री ने दिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश

**रायपुर।** इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार के साथ अभद्रता का मामला सामने आने पर वन मंत्री केदार कश्यप ने वन क्षेत्रपाल परिक्षेत्र अधिकारी सीतानदी, उदंती-सीतानदी टायगर रिजर्व, को लाइन अटैच करने के आदेश दिए हैं। बताया गया है कि एक शासकीय सेवक के लिये कर्तव्य के प्रति अशोभनीय कृत्य है। छग सिविल सेवा (आचरण) नियम के अनुसार शासकीय लोक सेवक को ऐसा कोई भी कृत्य नहीं करना चाहिए जो कि शासकीय सेवा में अशोभनीय हो।

# साइबर सुरक्षा व अपराध के बारे में बताकर, लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

ग्राम कुम्हारी में रविवार को सायबर वालंटियर एवं गिधौरी पुलिस द्वारा साइबर सुरक्षा एवं साइबर अपराध के बारे में जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया।

- ग्राम कुम्हारी में रविवार को सायबर वालंटियर एवं गिधौरी पुलिस ने दी जानकारी

सायबर वालंटियर एवं गिधौरी पुलिस ने बताया कि अपना पासवर्ड एवं ओटीपी किसी भी अनजान व्यक्ति को नहीं बताना है। साइबर ठगी के विभिन्न पहलुओं के बारे में लोगों को अवगत कराया गया। इसमें साइबर अपराध के विभिन्न तरीकों जैसे क्रेडिट कार्ड फ्रॉड, बैंकिंग फ्रॉड, इनवेस्टमेंट फ्रॉड, होम अरेस्ट,फेक प्रोफाइल फ्रॉड,ईमेल फ्रॉड, वेबसाइट फ्रॉड,फोन फ्रॉड,लिंक फ्रॉड व लालच देने वाले प्रचार से फ्रॉड,इत्यादि जानकारियां शामिल थीं।




साथ ही लोगों को ये भी अवगत कराया गया कि कोई फ्रॉड होने पर 1930 नंबर पर कॉल करे व नजदीकी पुलिस स्टेशन में अपनी रिपोर्ट दर्ज कराए। इस अभियान में 50 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया। जागरुकता अभियान के दौरान सायबर वॉलिंटियर प्रशान्त पटेल, साइबर वॉलिंटियर आशीष पटेल साइबर वॉलिंटियर संजय महंत, आरक्षक सुजीत तंबोली , आरक्षक नेहरू साहू सर, विनोद चौहान कोटवार, रोहित पटेल आदि उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### सेंट्रल सिंधी पंचायत...

मेरी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि समाज ने मुझे सम्मानित कर मेरा हौसला बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि वे इस धर्मशाला में कई सामाजिक,वैवाहिक कार्यक्रम होते रहे है। शहर के सभी समाज के लोगों के लिए श्री गुरुनानक धर्मशाला सस्ता और किफायती धर्मशाला रहा है। उसके जीर्णोद्धार के लिए सिंधी समाज के मुखिया इंदर लाल थारानी जी ने 15 लाख रुपए की मांग की। वे उनकी मांग पर अपनी विधायक निधि से 15 लाख देने की घोषणा की घोषणा श्री साव ने ही। प्रमुख मुखी इंदरलाल थारानी ने समाज की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।

### संवेदनहीनता की पराकाष्ठा...

है और अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज रही है। प्रदेश में अपराध करने वाला चाहे कोई भी हो उस पर कार्रवाई अवश्य होगी। श्री देव ने कहा कि आपराधिक मामलों में लगातार कांग्रेस के लोगों की संलिप्तता सामने आने से एक बार फिर यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस षड्यंत्रपूर्वक प्रदेश की भाजपा सरकार को बदनाम करने के लिए हिंसा का सहारा लेकर प्रदेश में अशांति व अराजकता फैलाने के टूलकिटिया एजेंडे पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध के पीछे कांग्रेसियों की संलिप्तता की कटु निंदा करती है। प्रदेश की भाजपा सरकार कांग्रेसियों के खिलाफ उनके किए गए अपराधों के लिए कड़ी–से–कड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### निकाय चुनाव की...

लड़ना है । जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने रोहांसी को नगर पंचायत का दर्जा प्रदान किया है। रोहांसी में जितना भी विकास हुआ है कांग्रेस की सरकार में हुआ है। यहाँ के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हमेशा पार्टी का सम्मान बढ़ाया है। सभी वार्डों में सहमति बनाकर योग्य प्रत्याशी का चयन कर कांग्रेस की जीत दिलाना है।


**ये रहे मौजूद:** उक्त अवसर पर प्रभारी महामंत्री गोपी साहू, जिला उपाध्यक्ष मनीष चंद्राकर, नगर अध्यक्ष चित्रंगत साहू, गुरुदयाल यादव,चित्रंगत साहू, अमृत साहू, उल्लेख साहू, डोमार साहू, नंदेश साहू, संतोष देवांगन, यशवंत बांधे,गुलाब यदु, पीतांबर साहू,हेमकुमार साहू,सिकंदर बेग, लाला राम साहू,दिनेश साहू,देवेंद्र ओझा, हीरामणि यादव, जोहन कन्नौजे बुधराम साहू,रखबीर साहू,प्रेम साहू,देव सिंह ध्रुव ललित साहू, मोहर सिंह चतुर्वेदी, उदे लाल साहू, कामता घृतलहरे,छबि साहू, ईश्वर यादव,हीरामणि यादव,बिसंभर यादव,सागर मानिकपुरी,रमेश पटेल, लक्ष्मण साहू मौजूद थे।

### 36 पेड़ों की...

कि एसडीएम का ऑर्डर भी आ जाए तो भी कटना है रोड का, बिजली वाले कटाई कर सकते हैं आप लोग फालतू आवेदन दे रहे है कोई मतलब नहीं है तथा बड़ी मुश्किल से बार- बार निवेदन करने पर आवेदन स्वीकार किया गया। इस मामले में सुहेला नायब तहसीलदार दिलीप सामल ने बताया कि नहीं ऐसी कोई बात नहीं है। आवेदन स्वीकार करते हैं। पटवारी अभय कुशवाहा ने बताया की 12 से 4 बजे के बीच पेड़ काटा गया है। जानकारी लेने पर शिकायत सही पाई गई है। 36 पेड़ को काट दिया गया है। तथा कुछ वृक्षों की डालियां काटी गई है। विद्युत विभाग द्वारा परमिशन लेने के बारे में पूछे जाने पर नहीं लेने की बात कहते हुए पंचनामा तैयार कर तहसीलदार को भेज दिए जाने की जानकारी दी गई।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## बेलसोंडा में आसन गद्दी पूजा कार्यक्रम आज

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा में जेठूराम सतनामी के निवास पर गुरु घासीदास बाबा का आसन गद्दी पूजा कार्यक्रम सतनाम धर्म प्रचारक संत खूबलाल बाबा के सानिध्य में 6 जनवरी सोमवार को आयोजित है। यहां विशाल सत्संग का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर गुरु घासीदास बाबा की पूजा आरती, आसन गद्दी पूजा, मांस मंदिरा को छोड़ कर कंठी जनेऊ धारण कराकर मानव समाज को उपदेश देंगे। इस अवसर पर विशाल भंडारा भी लगेगा। वहीं 8 जनवरी को नांदगांव में भी कार्यक्रम होगा। सतनाम धर्म प्रचारक संत खूबलाल बाबा, कन्हैया मिरी, जोगी मिरी, घांसी बांधे, कुमार टंडन, अवध कोशले, शिव जोशी आदि संत उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी रविशंकर जांगड़े ने दी है।

## मुक्तिधाम निर्माण कार्य का किया गया भूमिपूजन

**सरायपाली।** नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रमांक 01 एवं 02 के मध्य वीरेन्द्र नगर में वार्डवासियों की वर्षों से बहुप्रतिक्षित मांग मुक्तिधाम निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल, वार्ड क्रमांक 02 के पार्षद हेमवती यादव, बीजेपी मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद गुंजन अग्रवाल, पार्षद हितेश यादव, पूर्व पार्षद जयप्रकाश यादव (जेपी), वार्ड क्रमांक 01 पार्षद प्रतिनिधि खीरचंद बारी, वार्ड क्रमांक 01 के पूर्व पार्षद बिहारी चौहान एवं वार्ड क्रमांक 01 व 02 के नागरिक उपस्थित रहे। उक्त मुक्तिधाम निर्माण से वार्ड क्रमांक 01 एवं 02 के लोगों को दाह संस्कार के लिए सुविधा मिलेगी।

## गायत्री महायज्ञ आज से



**नवापारा-राजिम।** नवापारा के हरिहर हायर सेकेण्डरी स्कूल में 5 से 8 जनवरी तक 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का आयोजन 5 जनवरी दोपहर 12 बजे से 1008 कलशधारी बहनों एवं हजारों ध्वजवाहको, भजन मंडली, झांकियों एवं सृजन सेनानियों सहित हजारों मातृशक्तियों द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह कलश यात्रा महायज्ञ स्थल से निकलकर तर्री रोड होते हुए गायत्री मन्दिर,शीतला तालाब,काली मंदिर होते हुए बस स्टैंड, सदर बाजार, नेहरू घाट पहुंचेगी। नेहरू घाट त्रिवेणी संगम में वरुण पूजा, गंगा आरती के साथ ही जल भरकर यह कलश यात्रा गंज रोड होते हुए हरिहर स्कूल मैदान वापस आएगी। ततपश्चात कलश स्थापना, आरती होगी। इस कार्यक्रम में गायत्री मां के सभी भक्तों को शामिल होने आग्रह किया गया है।

# छग कबड्डी प्रीमियर लीग चयन स्पर्धा में कसडोल में 65 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

■ पुरुष वर्ग के लिए नया इनडोर स्टेडियम में हुआ आयोजन

छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग पुरुष वर्ग में खिलाड़ियों का चयन ट्रॉयल बलौदाबाजार जिले के कसडोल विकासखण्ड के नया इनडोर स्टेडियम में किया गया। चयन ट्रॉयल में कुल 65 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस लीग के चेयरमैन हेमंत यादव के निर्देशन में बिलासपुर से चयनकर्ता राकेश देवांगन पी.टी.आई., महेंद्र कुमार पटेल पी.टी.आई द्वारा चयन प्रक्रिया की गई। चयनित खिलाड़ी छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग में अपनी प्रतिभा दिखाएंगी। लीग का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभावान खिलाड़ियों को नया मंच प्रदान करना है। छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग का 10 वां सीजन होगा।

### इनका रहा योगदान

चयन को सम्पन्न कराने में जिला कबड्डी संघ बलौदाबाजार के संतोष ध्रुव सह सचिव, मुंशीराम साहू ब्लाक अध्यक्ष कबड्डी बलौदाबाजार, संतोष साहू व्यायाम शिक्षक कसडोल, राजकुमार कैवर्त्य व्यायाम शिक्षक कसडोल,भगवानसिंह पैकरा, मनीष ध्रुव भाटापारा, राघवेन्द्र राव, मनोज पात्रे, पोखराज दीवान, सोम यादव, लोकेश साहू लखन प्रधान, राकेश दिवाकर, एवं स्टार लाइन खेल समिति का योगदान सराहनीय रहा।



**कार्रवाई : सरसीवां की आबकारी टीम की कार्रवाई**

# दो लाख की अवैध शराब जब्त महुआ लहान को किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

आबकारी विभाग की टीम ने रविवार को छीरचूंवा साबरिया डेरा में कार्रवाई किया गया। दो लाख की अवैध शराब बरामद की। अवैध शराब बनाने तैयार तीन भट्ठी को तोड़ा गया। सामान, बर्तन आदि को जब्त कर लिया है। सैकड़ों किलो महुआ लहान को नष्ट किया गया।

आबकारी आयुक्त सह सचिव आर संगीता और कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश पर सरसीवां आबकारी टीम ने गांव के बाहर स्थित नाले के पास महुआ शराब बनाने के लिए कुल 3 जगहों पर टीम के साथ पहुंचकर कार्रवाई की। इन शराब बनाने के ठिकानों में चढ़ी हुई 3 भट्टी तथा मदिरा बनाने के लिए समान , बर्तन , गुड़ , महुआ पालीथीन की बड़ी- बड़ी झिल्ली आदि को जब्त किया गया। इन जगहों से 6 सफेद रंग के पालीथीन के अंदर भरी 20–20 लीटर एवं 1 नीले रंग के जरीकेन में भरा 40 लीटर कुल जब्त मात्र 160 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया गया। महुआ लाहन जो की जूट बोरियो के अंदर पालीथीन में भर कर नाले के पानी में डाला गया था, के कुल 60 नग प्रत्येक में भरा 50–50 किलोग्राम कुल मात्र 3000 किलोग्राम को जब्त किया गया। कच्ची महुआ शराब को कब्जे में आबकारी विभाग द्वारा लिया गया। विधिवत रूप से महुआ लाहन का नष्टीकरण किया गया। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(1)(क) (च), 34(2) का , प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक विपिन पाठक, आबकारी मुख्य आरक्षक फागुलाल टंडन , सुरक्षा गार्ड लोचन साहू तथा ड्राइवर रामदुलार पटेल का विशेष योगदान रहा।

**तीन भट्ठी तोड़ा, सामान व बर्तन किया बरामद**



### अवैध शराब बेचने वाले दो गिरफ्तार



**भवानीपुर।** पुलिस थाना गिधपुरी अंतर्गत ग्राम जुनवानी निवासी आरोपी शिवप्रसाद डहरिया पिता समय लाल डहरिया उम्र 30 वर्ष के पास से 100 नग अंग्रेजी शराब गोवा अवैध शराब 13 हजार कीमत को जब्त किया गया है। पुलिस थाना प्रभारी प्रवीण मिंज के मार्ग दर्शन पर एएसआई राजेन्द्र सोरी, रमेश मिश्रा ने मुखबीर की सूचना पर आरोपी शिवा डहरिया अपने ससुर के घर के बाजू में उनके रिस्तेदार इन्द्राबाई कुर्रे के पुराना मकान में बिक्री हेतु अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब रखा है। अपने स्वयं के कब्जे में घर को रखा है। टीम ने एक सफेद रंग की बोरी में 30 पाव गोवा स्पेशल व्हिस्की एवं दूसरे सफेद रंग की बोरी में 70 पाव गोवा घर पर रखा था को बरामद किया। धारा 34, 2आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।कोर्ट के आदेश पर न्यायिक रिमांड में जेल दाखिल करा दिया।

### महुआ शराब बनाकर बेचने वाले दो पकड़े गए



**सिमगा।** पुलिस सहायता केन्द्र लिमतरा थाना सिमगा द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्रवाई में 5 जनवरी को सहायक उप निरीक्षक विजय केसरिया, प्रधान आरक्षक राजेंद्र नेताम, आरक्षक कृष्ण कुमार वर्मा, आरक्षक लक्ष्मी यादव एवं महिला आरक्षक लखेश्वरी कुर्रे की पुलिस टीम द्वारा ग्राम गणेशपुर मे घेराबंदी की गई। घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 2 आरोपियों प्रफुल्ल मसीह उर्फ गोल्डा उम्र 32 साल निवासी ग्राम गणेशपुर, जेनिका मसीह उर्फ खुशबू उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम गणेशपुर को पकड़ा गया है। आरोपियों से 10 हजार रुपए कीमत मूल्य का कुल 50 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद किया गया है। प्रकरण में दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर के अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलों की बहुत बड़ी भूमिका रहतीः गणेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

■ नवापारा स्कूल में वार्षिक खेलकूद का आयोजन

■ 400 खिलाड़ियों ने दिखाई विभिन्न खेलों में प्रतिभा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा में हर साल की तरह इस साल भी वार्षिक खेलकूद उत्सव का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठवीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में बढ़–चढ कर हिस्सा लिया।

एक से 3 जनवरी तक आयोजित खेल उत्सव का शनिवार को बालिकाओं के वॉलीबॉल फाइनल मैच से शानदार समापन हुआ। विद्यालय के व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र पटेल ने बताया कि क्रिकेट, खो–खो , कबड्डी, वालीबाल, एथलेटिक्स, स्लो साइकिल, रस्सा कशी, कुर्सी दौड़ और बैडमिंटन आदि विभिन्न खेलों में विद्यालय के लगभग 400 बालक –बालिका खिलाड़ियों ने अपने खेल प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। तीन दिनों तक चले इस आयोजन में विद्यार्थियों ने खेल के साथ–साथ अनुशासन, खेलों के नियम और मैदान बनाना, कमेंट्री करना, चोट लगने पर प्राथमिक उपचार, टीम यूनिटी, खिलाड़ी भावना आदि गुणों के बारे में भी सीखा। खेलों के परिणाम के बारे में बताया गया कि वॉलीबॉल, कबड्डी, खो–खो और क्रिकेट में कक्षा ग्यारहवीं के बालक और बालिका दोनों टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर चैम्पियन आफ द टूर्नामेंट बनी।

वही मिडिल स्कूल वर्ग में कक्षा आठवीं के बालक–बालिकाओं ने अधिकांश खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन कर चौंपियन रही। संस्था के प्राचार्य गणेशराम घीतकर ने कबड्डी मैच में बेहतरीन रेफरशिप कर बच्चों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों की बहुत बड़ी भूमिका रहती है।

### आयोजन में इनका रहा विशेष योगदान

उप प्राचार्य सुषमा वर्मा, प्रधान पाठक देवकी राय, व्याख्याता टी आर.साहू, ज्योति साहू, ललिता वर्मा, सत्येंद्र चौबे, महेश शुक्ला,वर्षा जैन, अजय वर्मा, दाऊलाल साहू, शिक्षिका नीतू देवांगन, भारती फूटान, प्रियंका वर्मा, सोनालिका जसवानी, रजत और भृत्य नरेश साहू व झब्बू लाल देवांगन आदि का विशेष योगदान रहा ।

### बिंद्रावन में श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा सप्ताह 14 से

**नर्रा।** ग्राम बिंद्रावन में ग्रामीणों के सहयोग से श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा का आयोजन 14 से 22 जनवरी तक रखा गया है। प्रवचनकर्ता पंडित नितेश शर्मा उखरा वाले होंगे। कथा श्रवण करने का समय दोपहर 1 बजे से संध्या 5 बजे तक है। साथ ही प्रसादी में प्रतिदिन भंडारा आयोजन किया गया है।

# मुच्छमलदा मार्ग जर्जर मरम्मत की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

समीप ग्राम मुच्छमलदा सड़क जर्जर हो गई है। वहीं इस मार्ग पर क्षेत्रवासियों का आवागमन ज्यादा रहता है। जगह-जगह गड्ढे होने से राहगीर दुर्घटन के शिकार होने की आशंका है। ज्ञात हो कि अखील भारतीय राम नामी बड़े भजन मेला 10 जनवरी से तीन दिवसीय मेला मुड़पार मे प्रारंभ होगा जिसके कारण रोड के मरम्मत करवाना बहुत जरुरी है। क्योंकि मेला दर्शनार्थियों का आवागमन इसी रोड पर होना है।

# रंगमंच व सीसी रोड का भूमिपूजन-लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर पंचायत भटगांव के वार्ड क्रमांक 2 में रविवार को पार्षद निधी से निर्मित रंगमंच व सीसी रोड का भूमिपूजन व लोकार्पण किया गया। वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद शीला साहू के हाथों रंगमंच का लोकार्पण किया गया जो जिला सहकारी बैंक के पास बस स्टैंड से लगा हुआ है। वही वार्ड क्रमांक 2 मे ही गौटिया इंडेन गैस गली मे सुधराम साहू घर से फीरत राम कैवर्त्य घर तक सीसी रोड का भी भूमिपूजन किया गया। जिसमे वार्ड पार्षद श्रीमती शीला साहू, पार्षद प्रतिनिधि एवं जिला संयोजक झुग्गी झोपड़ी प्रकोंष्ट संजीव साहू, पूर्व भाजपा जिला मंत्री मनोहर सरजाल, भाजपा मंडल के महामंत्री फूलचंद जायसवाल, भटगांव सोसाइटी के अध्यक्ष रामलाल साहू, बूथ अध्यक्ष गोकुल डड़सेना, साहू समाज के नगर अध्यक्ष छेदीलाल साहू, फीरत राम साहू, नंदराम केवट, विनोद देवांगन, कोमल राय, चमरू जायसवाल सहित सभी वार्डवासी उक्त कार्यक्रम मे शामिल थे।

# शिक्षक - शिक्षिकाओं ने छात्र छात्राओं को किया सम्मानित



**मुंडा।** शासकीय प्राथमिक शाला पैजनी में शाला के शिक्षक विनोद कुमार पटेल एवं शिक्षिका श्रीमति सुकृता सेन द्वारा कक्षा 2री एवं 4थी के 50 प्रतिभावान छात्र- छात्राएं जो कहानी पठन,पहाड़ा वाचन,एवं नियमित वेशभूषा के साथ प्रतिदिन शाला आने वाले बच्चों को पानी बॉटल, पेन,कॉपी,कम्पास बॉक्स,पहाड़ा,मोंजा चॉकलेट आदि भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही शाला के समस्त बच्चों को चॉकलेट वितरण किया गया। संकुल समन्वयक समारू दास बांधे,संस्था प्रमुख चूड़ामणि वर्मा, संतोष कुमार पैकरा ने सभी सम्मान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए नियमति आने कहा। बच्चों को पढ़ाई लिखाई के साथ–साथ सभी क्षेत्रों में हमेशा आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर शाला के समस्त शिक्षक–शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

**त्रिदिवसीय सत्संग समारोह का कलशयात्रा के साथ हुआ शुभारंभ**

# सत्संग जीवन बदलने की शक्ति रखता है : प्रेमदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



ब्लॉक के साराडीह गांव में त्रिदिवसीय सत्संग समारोह का भव्य शुभारंभ कलशयात्रा के साथ हुआ। इस पवित्र आयोजन में 300 से अधिक महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर गांव की गलियों से शोभायात्रा निकाली। यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल छा गया और श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखा गया। पहले दिन सत्संग के दौरान प्रवचनकर्ता प्रेमदास शास्त्री ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा की सत्संग में वह शक्ति है जो मनुष्य के जीवन को पूरी तरह से बदल सकती है। यह आत्मिक शांति प्रदान करने के साथ-साथ जीवन में सकारात्मकता, सदाचार और सद्भाव को बढ़ावा देता है।

समारोह में धार्मिक प्रवचन, भजन-कीर्तन और आध्यात्मिक चर्चाओं का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में गांववासियों और आसपास के श्रद्धालुओं ने इसमें भाग लिया। आयोजन समिति के अनुसार, अगले दो दिनों में भी विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। विशेष रूप से कल दोपहर तीन बजे माता साहिबा सुलक्षणा माता का आगमन होगा, जो श्रद्धालुओं को अपने प्रवचन से लाभान्वित करेंगी। समिति ने सभी से सत्संग में सम्मिलित होकर इस आध्यात्मिक अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। सत्संग का यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर रहा है, बल्कि समुदाय में शांति, सद्भाव और भक्ति का संदेश भी फैला रहा है।



